हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

कार्यसूची

तेरहवां सत्र

सोमवार, 16 नवम्बर, 2026/25 कार्तिक, 1948(शक्)

2.00 बजे (अपराह्न)

1. शोकोद्गार:

स्वर्गीय श्री विजय सिंह मनकोटिया, पूर्व सदस्य एवं स्वर्गीय श्री नन्द लाल, सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निधन पर शोकोद्गार।

2. प्रश्नोत्तर:

(1) तारांकित :

(i) स्थगित
(ii) दिन के लिए

} पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

(2) अतारांकित :

(i) स्थगित
(ii) दिन के लिए

} पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे।

3. साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य :

श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, मुख्य मन्त्री, वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य देंगे।

4. स्वीकृत विधेयक सभा पटल पर रखे जाएंगे :

सचिव, विधान सभा, निम्न विधेयकों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे, जिसे सदन द्वारा पारित किए जाने के उपरान्त महामहिम राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है:-

(1) शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन विधेयक, 2026 (2026 का अधिनियम संख्यांक 16);

(2) भारतीय स्टाम्प (हिमाचल प्रदेश द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का अधिनियम संख्यांक 17);

(3) हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का अधिनियम संख्यांक 19); और

(4) हिमाचल प्रदेश युद्ध पुरस्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का अधिनियम संख्यांक 20)।

5. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:

(1) **श्री पवन कुमार काजल,** "हार-जलाड़ी से खर्टी को जोड़ने वाले पुल के निर्माण में हो रहे विलम्ब से उत्पन्न स्थिति बारे सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे।"

(2) **श्री राम कुमार,** "मौजा मलपुर में पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित TRC (Tourism Reception Centre) को निजी उद्योगपति द्वारा तोड़ने (Dismantle) से उत्पन्न स्थिति बारे सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे।"

6. नियम-63 के अन्तर्गत अल्पकालीन चर्चा:

श्री रणधीर शर्मा, "प्रदेश को केन्द्र से 16वें वित्त आयोग के अन्तर्गत पंचायती राज संस्थाओं को प्राप्त धनराशि में से कुछ हिस्सा जल शक्ति विभाग को देने बारे चर्चा उठायेंगे।"

7. नियम-130 के अन्तर्गत प्रस्ताव:

(1) **श्री केवल सिंह पठानिया,** प्रस्ताव करेंगे कि:

प्रदेश की **"प्रशासनिक ईकाईयों के पुनर्गठन (Re-Organisation of Administrative Units)"** बारे यह सदन विचार करे।

(2) **श्री जीत राम कटवाल,** प्रस्ताव करेंगे कि:

"प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की चरमराती व्यवस्था के सुधार" करने बारे यह सदन विचार करे।

धर्मशाला-176215 **(यशपाल शर्मा)**
दिनांक: 14 नवम्बर, 2026 **सचिव।**

******

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)